an>

Title: Regarding construction of a barrage in Sholapur Constituency in Mahrashtra.

एडवोकेट शरदकुमार मारुति बनसोडे (शोलापुर): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे शोलापुर चुनाव क्षेत्र में मुख्य रूप से दो नदियां बहती हैं- भीमा और सिना। ये नदियां सिर्फ बरसात के पानी, गांव से निकलने वाले नाले और उप-नदियों द्वारा बहती हैं जो महाराष्ट्र के हक का पानी है। आज तक भीमा नदी पर चार बैरिजेज और सिना नदी पर तीन बैरिजेज हैं जिनकी ऊंचाई सिर्फ चार मीटर है। पानी का बहाव आते ही पानी ऊपर से निकलकर कर्नाटक में चला जाता है। मैंने देखा है कि एक गांव रहाटेवाड़ी है। गांव के लोग अपना पैसा डालकर नदी पर बांध बांधते हैं और हर साल वह टूट जाता है, फिर पैसा डालकर वह बांध बांधा जाता है। अगर इन दोनों नदियों पर और ज्यादा बैरिजेज बांध दिये जाएं और उनकी ऊंचाई चार मीटर से बारह मीटर की जाए तो मेरे चुनाव क्षेत्र के पंढरपूर, मंगलवेढा, मोहोल, दक्षिण सोलापूर, अक्कलकोट तहसीलों के लोगों के पीने के पानी और खेती के पानी की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। इसलिए मेरी सरकार से विनती है कि भीमा और सिना नदी पर ज्यादा संख्या में बैरिजेज बांधने की परमिशन दी जाए और उनकी ऊंचाई बारह मीटर तक की जाए तथा उसके लिए पर्याप्त मात्रा में निधि भी उपलब्ध कराई जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : ज़ीरो ऑवर में लम्बा-चौड़ा पढ़ना नहीं है। संक्षेप में अपनी बात कहें।